**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**विधानसभा**

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मॉनसून सत्र का आज नौवां दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता....

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की वर्षा का दौर रुक रुक कर जारी है। कुल्लू, मंडी सहित कुछ अन्य भागों में बीती रात से हल्की वर्षा हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने आज राज्य के पांच जिलों ऊना, हमीरपुर, मंडी, शिमला और सिरमौर में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। उधर चंबा जिला में मणिमहेश यात्रा पर गए हजारों श्रद्धालु जगह–जगह फंसे हुए हैं हालांकि प्रशासन द्वारा उन्हें सुरक्षित स्थान पर ठहराया गया है। वहीं कुल्लू जिला के बंजार और मनाली उपमंडल में विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए आज भी सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। हमारे कुल्लू जिला संवाददाता ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में सड़कें अवरूद्ध होने से लोग परेशान हैं।

**मौसम 2**

बारिश से चंडीगढ–मनाली नेशनल हाइवे पंडोह डैम के साथ लगते कैंची मोड़ के पास सड़क के पूरी तरह धंसने से अवरूद्ध हो गया है जिसे बहाल करने में काफी वक्त लग सकता है।

इस बीच कांगड़ा जिला में पौंग बांध से आज दोपहर 2 बजे एक लाख 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। प्रशासन ने इसके साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से दोपहर 12 बजे तक अपने घरों को छोड़ने की अपील की है।

**पीएमजेडीवाई**

प्रधानमंत्री जन धन योजना को आज 11 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से इस पहल की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य व्यापक वित्तीय समावेशन लाना और देश के सभी परिवारों को बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करना है।

**बैठक**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया राज्य में फोरलेन सड़कों के निर्माण से लोगों को हो रही समस्याओं के मुद्दे पर आज शिमला में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ एक बैठक करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष के अनुसार एनएचएआई के शीर्ष अधिकारियों को बैठक के लिए शिमला बुलाया है और मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, प्रधान सचिव लोकनिर्माण और अन्य संबंधित अधिकारियों को भी इस बैठक में मौजूद रहने को कहा गया है।

**स्थापना दिवस**

केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला ने कल अपना 77 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उपनिदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्थान

के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह ने इस अवसर बताया की संस्थान ने देश के प्रत्येक क्षेत्र और जलवायु के लिए आलू की खेती के लिए कुल 76 किस्में विकसित की हैं और 4 नयी किस्में विकसित कर ली गयी हैं जो जल्द हीं हितधारकों के लिए सरकार की अधिसूचना के बाद उपलब्ध होगी।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........**

**पंजाब केसरी** की खबर है **दुकानों के आवंटन में अनियमितताओं पर सदन में हंगामा, विपक्ष का वाकआउट। दिव्य हिमाचल** के शब्द हैं **मंडियों में दुकानें बांटने में गड़बड़ पर विपक्ष का वाकआउट।**

मौसम की खबर को **अमर उजाला** ने शीर्षक दिया है **चंबा में भूस्खलन से चार की मौत, दो लापता, होली में 9 घर, बड़ा भंगाल में दो स्कूलों समेत 5 भवन बहे। दैनिक भास्कर** के अनुसार **मणिमहेश में 15 सौ से ज्यादा श्रद्धालु फंसे, चंबा में 5 मकान बहे, कांगड़ा में 427 बच्चे रेस्क्यू किए।**